July 13, 2023

The BSE Limited
Corporate Relationship Department
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai - 400 001

SCRIP CODE: **543066**

SECURITY: **Equity Shares/Debentures**

The National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra-Kurla Complex.
Bandra (E), Mumbai - 400 051

SYMBOL: **SBICARD**

SECURITY: **Equity Shares**

Dear Sirs,

Re: Disclosure under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 - Newspaper Advertisements - 25th Annual General Meeting of the Company

Pursuant to the provisions of Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copies of Newspaper Advertisements published in compliance with General Circular No. 20/2020 dated May 5, 2020 read with General Circular no. 11/2022 dated December 28, 2022, issued by the Ministry of Corporate Affairs, intimating that 25th Annual General Meeting of the Company will be held on Wednesday, August 9, 2023 at 11.30 A.M. (IST) through Video Conferencing (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM).

The said advertisements were published in all editions of 'Business Standard' (English and Hindi), on July 13, 2023.

Kindly take the same on record.

Thanking you,

Yours faithfully,

For SBI Cards and Payment Services Limited

PAYAL MITTAL CHHABRA
Digitally signed by PAYAL MITTAL CHHABRA
Date: 2023.07.13 19:37:43 +05'30'

Payal Mittal Chhabra
Company Secretary & Compliance Officer

Encl:.aa

SBI Cards and Payment Services Ltd.

DLF Infinity Towers, Tower C,
12th Floor, Block 2, Building 3,
DLF Cyber City, Gurugram - 122002,
Haryana, India

Tel.: 0124-4589803
Email: customercare@sbicard.com
Website: sbicard.com

Registered Office:
Unit 401 & 402, 4th Floor, Aggarwal Millennium Tower,
E 1,2,3, Netaji Subhash Place, Wazirpur, New Delhi - 110034
CIN - L65999DL1998PLC093849

SI26102021

Zepto likely to become first unicorn of the year

A possible $150 mn fresh funding round will push the firm's valuation to $1.3 bn

ARYAMAN GUPTA
New Delhi, 12 July

Quick-commerce delivery platform Zepto could become India's first unicorn this year, as the start-up is in talks to secure fresh funding that would take its valuation past $ 1 billion.

The Mumbai-based firm is looking to raise $150 million in a series E, which will take its valuation to $1.3 billion.

The round will be led by StepStone Group, a limited partner (LP) of Zepto's existing investor — Nexus Venture Partners, as per media reports.

However, sources close to the company told *Business Standard* that fundraising talks were still in their initial stages.

Queries sent to Zepto did not elicit a response.

Zepto CEO Aadit Palicha, who sources said is currently in the US, had told *Business Standard* in December 2022 that the company had no funding requirements at that time, but it would look for fresh funds in August or September this year.

Palicha, however, did not disclose the quantum of the amount.

Zepto also competes with Swiggy Instamart, and Zomato-backed Blinkit.

Reliance and Google backed-Dunzo, which recently found itself in hot water due to a severe cash crunch.

This caused a delay in the disbursal of employees' salaries and also job cuts.

Apart from Nexus, Zepto counts the Combinator, Glade Brook Capital and Kaizer Permanente amongst its backers.

Zepto reported a standalone loss of ₹390.3 crore in FY22, while its revenue stood at ₹142.3 crore, according to Ministry of Corporate Affairs filings. Meanwhile, its total expenses for the period touched ₹532.7 crore.

A unicorn is a company with a valuation of more than $1 billion. After an initial boom in the unicorn count in 2021, when the Indian start-up ecosystem was witnessing a record-breaking influx of capital, the country's unicorn well has, of late, run dry.

The year 2021 saw the creation of 44 unicorns, while the following year saw 25 start-ups acquiring unicorn status, according to Tracxn — a market intelligence platform.

As funding slowed during the latter part of last year, so did the unicorns. As many as 19 unicorns were minted during the first half of 2022, compared to the second half's six.

This year, no start-ups have crossed the $1 billion valuation threshold. With its latest funding round, Zepto will seemingly become India's first unicorn this year.

The quick commerce model saw a boom in 2021 after the COVID-19-induced lockdown propelled demand for grocery delivery.

Zepto, which was founded in 2021 by Palicha and Kaivalya Vohra, was among the few companies who rode this wave with its promise of 10-minute deliveries.

As a result, the firm, which is currently valued at $900 million, had raised $60 million in October 2021. In December that same year, Zepto raised another $100 million. May 2022 saw Zepto raise its latest funding round of $200 million.

Prime Video launches series to highlight India's most promising start-ups

VASUDHA MUKHERJEE
New Delhi, 12 July

Prime Video, in partnership with the Office of the Principal Scientific Adviser (PSA) of the government of India, is launching a unique series called *Mission Start Ab*, which aims to showcase and support early-stage Indian start-ups that are creating innovative solutions for the country's socio-economic development.

The show will feature 10 grassroots entrepreneurs who will compete to secure funding from three prominent Indian investors and the chance to become India's next unicorn.

The show will span seven episodes, where entrepreneurs will face a series of "intense exercises and simulations that will test their entrepreneurial, management, communication and crises management skills," as stated in Prime Video's official release.

Sushant Sreeram, country director of Prime Video, India, said, "This collaboration between the Office of the PSA, the government of India, and Prime Video is another milestone on the journey that started earlier this year with Amazon India signing the Letter of Engagement with the Ministry of Information and Broadcasting with an objective of contributing to the growth of India's creative economy."

#BSBankingShow
SBI
The banker to every Indian
PRESENTS
THE Business Standard BANKING SHOW
Thursdays | 11am
IN TODAY'S EPISODE
Cover Story
Visa, Mastercard, Rupay: Now choose your credit, debit card network
Banker's View
Utkarsh's Govind Singh on the reducing share of microfinance book and more
Banking for You
What is first loan default guarantee?
Take Two
Tamal Bandyopadhyay wants govt to encash on the bank rally. Here's why
Visit mybs.in/BankingShow or scan this code to watch
business.standard bsindia business-standard.com

Cricket's field day in the US

Major League Cricket, which begins on July 14, has huge aspirations, but national players will need a no-objection from their boards to participate

MLC was launched earlier this month with the ringing of the closing bell at the New York Stock Exchange

VAIBHAV RAGHUNANDAN
New Delhi, 12 July

On July 14, when the Texas Super Kings take on the Los Angeles Knight Riders in the Major League Cricket (MLC) at the former's home ground, the Grand Prairie Stadium, it will be the culmination of a longstanding cricket dream — to conquer the land across the Atlantic. A reported $120 million in funding has been pushed into the league, with some influential backers from the technology and media sectors — including Satya Nadella, the CEO of Microsoft, who is part of the Seattle ownership group.

Indian cricket, but of course, is a key driver of all of this, and the owners of Indian Premier League (IPL) clubs have stakes in four of the six MLC teams this season. These are the Knight Riders Group, Mumbai Indians, GMR Group (co-owners of Delhi Capitals) and Chennai Super Kings.

Adding to this are the many names familiar to fans across cricketverse. At the auction in March this year, Seattle Orcas made the first pick, selecting an all-rounder, 30-year-old Harmeet Singh — a member of the India squad that won the 2012 U-19 World Cup — for $75,000. The captain of that U-19 team, Unmukt Chand, was picked by the LA Knight Riders. And four years after winning the World Cup with England, Liam Plunkett will bowl for the San Francisco Unicorns.

MLC has the financial heft to offer salaries comparable with competitions such as Australia's Big Bash League, England and Wales' The Hundred and the United Arab Emirates's International League T20 (ILT20). The salary cap per team is understood to be slightly above $1.1 million, of which $320,000 were spent on American players. Franchises are allocated $830,000 for nine overseas players, with the average coming to approximately $98,889.

It might not be as huge as the IPL, but MLC isn't lacking in quality. Plunkett's Unicorns also have the former Australia limited overs captain, Aaron Finch, and his 2021 Men's T20 World Cup-winning teammate, Marcus Stoinis. The MI New York team has New Zealand fast bowler Trent Boult, Afghan sensation Rashid Khan and South African phenomenon Kagiso Rabada.

All in all, expect fireworks, even if they are happening in a time zone far away. The MLC, in fact, counts on this, the interest from overseas hopefully launching the sport into the larger American consciousness. The league's broadcast partner for India is Viacom18.

"We have no illusions that besides expats from cricket-loving countries, the level of understanding of cricket in the general populace (in the US) is low," says Tom Dunmore, vice-president of marketing, MLC. "We do know this is a country that loves sports. And we also know that cricket is one of the world's most popular sports for a reason — it's a tremendously entertaining game to follow."

Those from countries outside of cricket's Big Three — India, Australia and England — find MLC a fruitful and competitive source of income.

Plunkett, 37, who has played the game since before the advent of T20, is conscious of the leaps the format has taken during the course of his career. "When I started out, I wouldn't have thought I'd be sitting in America and about to play in a league here," he says. "After the first season, more players are going to think about this (MLC) as a viable career opportunity".

However, for many of Plunkett's compatriots, and indeed any Indian player, joining the league is possible only after a 'no objection' from their national boards. Or else, they end up risking their prospective international careers for the chance to make money.

One player who has done so is English batsman Jason Roy, who forfeited the final months of his contract with the English Cricket Board (ECB) to join the LA Knight Riders. It is said that Roy, who was on a reported $90,000 incremental contract with the ECB, is set to earn over $387,000 over the course of two seasons playing in the MLC.

SBI card

SBI CARDS AND PAYMENT SERVICES LIMITED

CIN: L65999DL1998PLC093849; **Website**: www.sbicard.com
E-mail ID: investor.relations@sbicard.com

Registered Office: Unit 401 & 402, 4th Floor, Aggarwal Millennium Tower E-1,2,3, Netaji Subhash Place, Wazirpur, New Delhi 110 034, India; Phone: +91 (11) 6126 8100

Corporate Office: 2nd Floor, Tower-B, Infinity Towers, DLF Cyber City, Block 2 Building 3, DLF Phase 2, Gurugram, Haryana 122 002, India; Phone: +91 (124) 458 9803

INFORMATION REGARDING 25th ANNUAL GENERAL MEETING

The Twenty Fifth Annual General Meeting **(AGM)** of the Members of the Company will be held on **Wednesday, August 9, 2023 at 11.30 A.M.** through Video Conferencing (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM) in compliance with all the applicable provisions of the Companies Act, 2013 ("the Act") and the Rules made thereunder and the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circular No. 11/2022 dated December 28, 2022, General Circular No. 2/2022 dated May 5, 2022, General Circular No. 21/2021 dated December 14, 2021, General Circular No. 19/2021 dated December 8, 2021, General Circular No. 02/2021 dated January 13, 2021, General Circular No. 20/2020 dated May 5, 2020, General Circular No. 17/2020 dated April 13, 2020 and General Circular No. 14/2020 dated April 8, 2020 and other circulars in this regard, issued by the Ministry of Corporate Affairs (collectively referred to as "MCA Circulars"), and the Securities and Exchange Board of India ("SEBI") Circular No. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 dated January 5, 2023, Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated May 13, 2022, Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated January 15, 2021 and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020, and other circulars in this regard, issued by SEBI (Collectively referred to as "SEBI circulars") to transact the business set out in the Notice calling the AGM. Members attending the AGM through VC/OAVM will be counted for the purpose of ascertaining the quorum under Section 103 of the Act.

In accordance with the MCA and SEBI circulars, the Notice of AGM and the Annual Report for the financial year 2022-23 comprising Financial Statements, Board's Report, Auditor's Reports and other documents required to be attached therewith will be sent only by e-mail to all those Members, whose e-mail addresses are registered with the Company/Depository Participant(s)/Depositories/the Registrar and Transfer Agents of the Company. The aforesaid documents will also be available on the website of the Company at www.sbicard.com and also on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com, respectively. The Notice of AGM will also be available on the website of National Securities Depository limited (NSDL) at www.evoting.nsdl.com.

The Company is providing remote e-voting facility ("remote e-voting") to all its Members to cast their votes on all the Resolutions set out in the Notice of the AGM. The Company is also providing the facility of voting through e-voting system during the AGM ("e-voting"). Detailed Procedure for remote e-voting / e-voting and participation in AGM through VC / OAVM by the members holding shares in demat / physical mode, will be provided in the Notice of AGM, which will be sent in due course.

To enable participation in the remote e-voting process by those shareholders, to whom the Notice of AGM could not be dispatched, due to non-availability of valid e-mail address, the Company has made appropriate arrangements with its Registrar & Share Transfer Agents for registration of e-mail addresses in terms of the relevant circulars.

The process for registration of e-mail addresses and other details is as under:

i) **For Temporary Registration:**

Pursuant to relevant circulars the shareholders who have not registered their e-mail address and in consequence the notice could not be serviced may temporarily get their e-mail address registered with the Company's Registrar and Share Transfer Agent, Link Intime India Pvt Ltd. through the link: https://linkintime.co.in/emailreg/email_register.html and follow the registration process as guided thereafter. Post successful registration of the e-mail, the shareholder would receive soft copy of the Notice of AGM and the Annual Report for the financial year 2022-23 comprising Financial Statements, Board's Report, Auditor's Reports and other documents required to be attached therewith and the procedure for e-voting along with the User ID and Password to enable e-voting for the AGM from NSDL. In case of any queries relating to the registration of e-mail address, shareholder may write to rnt.helpdesk@linkintime.co.in and for e-voting related queries you may write to NSDL at evoting@nsdl.co.in.

ii) **For Permanent Registration:**

It is clarified that for permanent registration of e-mail address, the Members are requested to register their e-mail address:

i. in respect of demat holdings with the respective Depository Participant (DP) by following the procedure prescribed by the Depository Participant.

ii. in respect of physical holding with Company's Registrar and Transfer Agents i.e. Link Intime India Pvt Ltd. by sending a request in the prescribed form.

iii) **Registration of Bank Details:**

Please contact your Depository Participant (DP) and register your e-mail address and bank account details in your demat account, as per the process advised by your DP. In case of physical holding, please contact the RTA of the Company i.e. Link Intime India Pvt Ltd.

For SBI Cards and Payment Services Limited

Date: July 13, 2023
Place: Gurugram

Payal Mittal Chhabra
Company Secretary and Compliance Officer

फ्रांस से वापसी में अमीरात भी रुकेंगे मोदी

प्रधानमंत्री संयुक्त अरब अमीरात से ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों पर करेंगे बात

शुभायन चक्रवर्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस की दो दिन की यात्रा पर गुरुवार को रवाना हो रहे हैं। वहां से लौटते हुए प्रधानमंत्री एक दिन के लिए संयुक्त अरब अमीरात भी जाएंगे। प्रधानमंत्री की फ्रांस यात्रा दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर हो रही है। मोदी पेरिस में बास्टिल डे परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ होने वाली द्विपक्षीय बैठक सामारिक, वैज्ञानिक, अकादमिक और आर्थिक सहयोग जैसे विविध क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग का रास्ता तलाशने का अवसर प्रदान करेगी। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष रक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे सहयोग के पारंपरिक क्षेत्रों के साथ-साथ स्टार्टअप उद्योग, अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था जैसे नए क्षेत्रों पर भी चर्चा करेंगे।

मोदी फ्रांस की अपनी छठी यात्रा में 13 जुलाई की दोपहर तक पेरिस पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री उस दिन प्रवासी भारतीयों से भी मिलेंगे। यह बैठक पेरिस में सीन नदी पर आईआईआई सेगुइन द्वीप पर स्थित एक प्रदर्शन कला केंद्र, ला सीन म्यूजिकल में होगी। मोदी और मैक्रों दोनों देशों की बड़ी कंपनियों के मुख्य कार्याधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय भोज की मेजबानी करेंगे तथा निजी रात्रि भोज भी देंगे। दोनों नेताओं के बीच विविध विषयों पर व्यापक चर्चा होगी। इसमें कहा गया है कि, 'प्रधानमंत्री मोदी का फ्रांस के प्रधानमंत्री तथा वहां की सीनेट एवं नैशनल एसेम्बली के अध्यक्षों से मुलाकात का भी कार्यक्रम है।

14 जुलाई को बास्टिल दिवस समारोह में भारतीय सेना के तीनों अंगों की एक टुकड़ी भी हिस्सा ले रही है। इसमें भारतीय वायु सेना के कम से कम तीन राफेल लड़ाकू विमान भी हिस्सा लेंगे।

■ 13-14 जुलाई को है प्रधानमंत्री का फ्रांस दौरा

■ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय भोज की मेजबानी करेंगे तथा निजी रात्रि भोज भी देंगे

■ 15 जुलाई को संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर जाएंगे मोदी

यात्रा के दौरान मोदी फ्रांस की प्रधानमंत्री इलिजाबेथ बोर्न से मुलाकात करेंगे। वह फ्रांसीसी सीनेट के अध्यक्ष जेरार्ड लार्चर और नैशनल असेंबली के अध्यक्ष येल ब्रौन-पिवेट के साथ भी बातचीत करेंगे।

संयुक्त अरब अमीरात दौरा

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक आश्चर्यजनक घोषणा में कहा कि प्रधानमंत्री फ्रांस की यात्रा पूरी करने के बाद 15 जुलाई को संयुक्त अरब अमीरात का दौरा करेंगे। क्वात्रा ने कहा, 'प्रधानमंत्री संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नह्यान के साथ ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों पर द्विपक्षीय संबंधों को आगे ले जाने के लिए वार्ता करेंगे।'

इस यात्रा में फरवरी में किए गए भारत-यूएई व्यापक साझेदारी पर आधारित द्विपक्षीय वार्ता होगी।

क्वात्रा ने कहा, 'व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते होने के बाद से हमने अपनी भागीदारी में महत्त्वपूर्ण उछाल और वृद्धि देखी है।'

दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 85 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जिससे अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात स्थान बन गया है। संयुक्त अरब अमीरात दुनिया में निवेश का चौथा सबसे बड़ा स्रोत भी है। दोनों देश जैतापुर परियोजना से संबंधित सभी मुद्दों को सुलझाने में तल्लीनता से लगे हैं।

भारत-फ्रांस व्यापार कुछ दशकों के सर्वोच्च स्तर पर

समरीन वानी

भारत और फ्रांस में रक्षा एवं तकनीक के क्षेत्रों में मजबूत होते सहयोग के बीच दोनों देशों के व्यापारिक रिश्ते भी मजबूत हो रहे हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार पिछले कुछ दशकों के सबसे मजबूत स्तर पर आ गया है। दोनों देशों के बीच आयात और निर्यात के आंकड़े कम से कम 1990-91 के बाद से किसी भी अवधि की तुलना में ऊंचे स्तर पर हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इकॉनमी (सीएमआई) के पास दोनों देशों से जुड़े 1990-91 तक के आंकड़े उपलब्ध हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा और वहां बास्टिल डे परेड में उनके मौजूद रहने से दोनों देशों से द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती मिलेगी। हाल के वर्षों में फ्रांस के साथ व्यापार बढ़ने में आयात से अधिक निर्यात की भूमिका रही है। वर्ष 2022-23 में भारत से फ्रांस को कुल 7.6 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात हुआ था। इससे पिछले वर्ष की तुलना में यह आंकड़ा 14 प्रतिशत अधिक है। फ्रांस से आयात 5.8 अरब डॉलर पर स्थिर रहा है। निर्यात के आंकड़े पिछले 22 वर्षों में सर्वाधिक ऊंचे स्तर पर हैं।

निर्यात के विभिन्न घटकों का विश्लेषण करें तो पेट्रोलियम उत्पाद शीर्ष स्थान पर हैं। 2022-23 में निर्यात में उनकी हिस्सेदारी 1.3 अरब डॉलर रही। इसके बाद बिजली मशीन एवं उपकरणों और दवाओं एवं बायोलॉजिकल्स के निर्यात के आंकड़े (43.6 करोड़ डॉलर) सबसे अधिक रहे। हालांकि, फ्रांस से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) कम रहा है।



डिज्नी का कारोबार खरीदने में पीई की रुचि!

देव चटर्जी

वॉल्ट डिज्नी कंपनी भारत में अपने कारोबार का कुछ हिस्सा प्राइवेट इक्विटी कंपनियों या स्थानीय इकाइयों को बेच सकती है। कंपनी भारत में कई मनोरंजन एवं खेल चैनल चलाती है। इस मामले की जानकारी रखने वाले निवेश बैंकरों ने कहा कि वॉल्ट डिज्नी कंपनी निजी इक्विटी कंपनियों या उन स्थानीय इकाइयों को हिस्सेदारी बेच सकती है जो भारत में अपना वजूद बढ़ाना चाहती हैं।

अमेरिकी समाचार पत्र वॉल स्ट्रीट जर्नल में मंगलवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार कंपनी भारत में संयुक्त विकल्प सहित रणनीतिक विकल्पों या अपना स्थानीय कारोबार बेचने पर विचार कर रही है। इसे कंपनी का कारोबार दबाव में होने का संकेत समझा जा रहा है। निवेश बैंकरों ने कहा कि टीवी 18 ब्रॉडकास्ट और जियो सिनेमा की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज वॉल्ट डिज्नी कंपनी का भारत में कारोबार खरीदने के लिए बोली लगा सकती है। हालांकि, रिलायंस के प्रतिनिधि ने कहा कि उनकी कंपनी इस होड़ में शामिल नहीं होगी। आरआईएल के एक सूत्र ने कहा कि अप्रैल में वायकॉम 18 में जियो सिनेमा का विलय करने के बाद कंपनी का सारा ध्यान भारत में अपना कारोबार मजबूत बनाने पर है। जियो सिनेमा के साथ आने के बाद वायकॉम18 के पास कारोबार बढ़ाने के लिए 15,145 करोड़ रुपये की नकदी उपलब्ध है। इनमे 10,839 करोड़ रुपये आरआईएल समूह से आए हैं और शेष 4,306 करोड़ रुपये बोधि ट्री सिस्टम्स ने दिए हैं।

इस साल आईपीएल टूर्नामेंट समाप्त होने के बाद डिज्नी स्टार ने कहा कि 50.5 करोड़ लोगों ने टेलीविजन पर मैचों का लुत्फ उठाया था। कंपनी ने दावा किया कि यह उसके लिए आईपीएल का सबसे फायदेमंद सत्र साबित हुआ। डिज्नी स्टार आईपीएल के मैचों के टेलीविजन पर आधिकारिक प्रसारणकर्ता थी। हालांकि, कंपनी के हाथ से आईपीएल मैचों की स्ट्रीमिंग सेवा निकल गई और इसे वॉयकॉम18 ने लपक लिया। इससे कंपनी के उपभोक्ताओं की संख्या कम हो गई। वॉल्ट डिज्नी कंपनी के निवेशकों के लिए यह एक चिंता की बात है। डिज्नी स्टार ने भारत में अपने कारोबार का हिस्सा बेचने की योजना पर कुछ नहीं कहा।

भारत में सोनी इंडिया और ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज इस समय अपने कारोबारों के एक दूसरे में विलय की प्रक्रिया पूरी करने में लगी हुई हैं। इन दोनों के विलय के बाद बनी नई इकाई भारत में इस खंड में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे बड़ी कंपनी बन जाएगी। दोनों ही कंपनियां न्यायालय के आदेशों का इंतजार कर रही हैं। इस बारे में एक बैंकर ने कहा, 'प्राइवेट इक्विटी कंपनियों के पास भारत में निवेश के लिए अरबों डॉलर रकम मौजूद है। हो सकता है कि वॉल्ट डिज्नी कंपनी अपने कारोबार का कुछ हिस्सा इन्हें बेच दे।'

वर्ष 2019 में वॉल्ट डिज्नी ने 21फर्स्ट सेंचुरी फॉक्स एंटरटेनमेंट कारोबार 71.3 अरब डॉलर खरीद लिया था। उस समय भारत में वॉल्ट डिज्नी का मूल्यांकन 14-15 अरब डॉलर आंका गया था। बैंकर ने कहा, 'तब से भारत में डिज्नी के कारोबार का मूल्यांकन काफी तेजी से घटा है।'

दिल्ली में बाढ़ के हालात

दिल्ली में बुधवार को यमुना नदी का जलस्तर रिकॉर्ड 207.71 मीटर पर पहुंच गया। इससे पहले 1978 में नदी का जलस्तर 207.49 मीटर पहुंचने का रिकॉर्ड था। यमुना के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण नदी किनारे स्थित कई इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक आपातकालीन बैठक बुलायी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यमुना नदी के आसपास के इलाकों में बने मकान और बाजारों में पानी घुसने के कारण हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। बाढ़ जैसे हालात के मद्देनजर, दिल्ली पुलिस ने एहतियात के तौर पर राष्ट्रीय राजधानी के बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में बुधवार को धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी। इस धारा के तहत चार से अधिक लोगों के एक ही स्थान पर एकत्रित होने पर रोक होती है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के बाढ़-निगरानी पोर्टल के अनुसार, पुराने रेलवे पुल पर जलस्तर बुधवार सुबह चार बजे

2013 के बाद पहली बार 207 मीटर के निशान को पार कर गया। यह शाम चार बजे तक बढ़कर रिकार्ड 207.71 मीटर के निशान तक पहुंच गया। दिल्ली सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नदी का जलस्तर और बढ़ने की आशंका है। वहीं भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिनों में उत्तराखंड में भारी से बहुत भारी बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है। जल स्तर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुचने के बाद, केजरीवाल ने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया कि यमुना का जलस्तर और न बढ़े।

उपराज्यपाल ने आज आपदा प्रबंधन की बैठक बुलाई

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने यमुना के बढ़ते जलस्तर को लेकर गुरुवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरणकी बैठक बुलाई है। यह जानकारी राज निवास के अधिकारियों ने दी। सक्सेना ने यमुना नदी का निरीक्षण करते हुए कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के कर्मियों को तैनात किया गया है और निचले इलाकों में रहने वाले सभी लोगों को निकाला जाएगा। सक्सेना ने उम्मीद जताई कि कुछ दिनों में यमुना का जलस्तर कम हो जाएगा क्योंकि हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़ा जाना कम हो गया है। **भाषा**

चीनी हैकरों ने लगाई सेंध

माइक्रोसॉफ्ट की एक रिपोर्ट में चीन के एक हैकिंग समूह द्वारा पश्चिमी यूरोप में सरकारी एजेंसियों के ईमेल अकाउंट में सेंधमारी किए जाने के दावे को दुष्प्रचार करार देते हुए चीन ने कहा है कि इस आरोप का मकसद अमेरिका की साइबर गतिविधियों से ध्यान भटकाना है। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि स्टॉर्म-0558 नाम से पहचाना गया यह समूह जासूसी और डेटा चोरी की फिराक में रहता है।

ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ
पंजाब एण्ड सिंध बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्र.का., योजना एवं विकास विभाग
प्रथम तल, बैंक हाउस, 21, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली – 110008
जहाँ सेवा ही जीवन - ध्येय है

आरएफपी हेतु सार्वजनिक सूचना

बैंक के विशिष्ट ग्राहकों/व्यक्तियों आदि के लिए बीमा कवरेज (ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस) के लिए पात्र बीमाकर्ताओं को काम पर रखने के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) सीलबंद/ढके हुए लिफाफे में आमंत्रित किया जाता है। आरएफपी जमा करने की अंतिम तिथि 05.08.2023 है। 05:00 अपराह्न अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ: **https://punjabandsindbank.co.in/**
आरएफपी संख्या – पीएसबी/जीटीएलआई/डीपी/0035ए/2023, दिनांक: 11.07.2023
मुख्य प्रबंधक (पी एंड डी)

सरकारी एजेंसियां टमाटर खरीदें

रामवीर सिंह गुर्जर

केंद्र सरकार खुदरा बाजार में टमाटर के दाम 200 रुपये किलो पहुंचने के बाद सक्रिय हो गई है। टमाटर की आसमान छूती कीमतों को थामने के लिए सरकार ने उत्पादक केंद्रों से टमाटर खरीदकर प्रमुख उपभोग केंद्रों पर एक साथ टमाटर वितरित करने के निर्देश दिए हैं। ये उपभोग केंद्र वहां हैं जहां टमाटर की कीमतें काफी ज्यादा है।

टमाटर का खुदरा मूल्य

शहर	1 जुलाई	12 जुलाई	अंतर (%)
दिल्ली	87	150	72.41
पटना	57	140	145.61
बेंगलूरु	81	118	45.68
चेन्नई	88	123	39.77
गुरुग्राम	20	140	600.00

स्रोत– उपभोक्ता मामलों के विभाग

नेफेड व एनसीसीएफ को टमाटर खरीदने के निर्देश

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग ने राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) को ऐसे प्रमुख उपभोग केंद्रों में एक साथ वितरण के लिए आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र की मंडियों से टमाटर तुरंत खरीदने का निर्देश दिया है, जहां पिछले एक महीने में खुदरा कीमतों में अधिकतम वृद्धि दर्ज की गई है। दिल्ली-एनसीआर में इस सप्ताह के शुक्रवार तक रिटेल आउटलेट के माध्यम से उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर टमाटर की बिक्री की जाएगी।

दिल्ली–एनसीआर में 100 रुपये से कम मिल सकता है टमाटर

सरकार ने एजेंसियों को शुक्रवार तक रियायती दरों पर दिल्ली-एनसीआर में टमाटर की बिक्री करने निर्देश भले दिए हैं, लेकिन अभी टमाटर के रियायती मूल्य का खुलासा नहीं किया है। लेकिन जानकारों के मुताबिक यह मूल्य 80 से 100 रुपये किलो के बीच हो सकता है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
www.bankofbaroda.in
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

निविदा सूचना

बैंक ऑफ़ बड़ौदा बारकोड लेबल, क्लीनिंग और डायग्नोस्टिक कार्ट्रिज के साथ LTO8 टेप मीडिया की खरीद के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** के निविदा खंड और गवर्नमेंट ई–मार्केट प्लेस (GeM) पोर्टल पर उपलब्ध है।

"परिशिष्ट", यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट पर **www.bankofbaroda.in** निविदा खंड में जारी किया जाएगा। प्रस्ताव को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसे अवश्य देख लें।

उक्त निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 24 जुलाई 2023 है।

स्थान: मुंबई
दिनांक: 13.07.2023
मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी
57/23-24

आज़ादी का अमृत महोत्सव
www.bankofbaroda.in
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के बाबत

उपरोक्त के संबंध में कृपया 16-06-2023 को प्रकाशित निविदा अधिसूचना देखें, जिसमें बैंक की विभिन्न करेंसी चेस्ट/नोडल शाखाओं के लिए "कैश लॉजिस्टिक (आउट सोर्स्ड कैश वैन) की नियुक्ति" के लिए योग्य निविदा धारको से दोहरी बोली प्रणाली में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई थी जिसकी अंतिम तिथि 07-07-2023 थी जिसे आगे बढ़ाकर 13-07-2023 कर दिया गया। उसी के संबंध में 12-07-2023 को बैंक की वेबसाइट पर एक शुद्धिपत्र अपलोड किया गया है और अब निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 24-07-2023 है।

विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** पर उपलब्ध है।

स्थान: बड़ौदा
दिनांक: 13.07.2023
मुख्य महाप्रबंधक (परिचालन) प्रधान कार्यालय, बड़ौदा
58/23-24

SBI card
एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड
सीआईएन: L65999DL1998PLC093849; **वेबसाइट:** www.sbicard.com
ईमेल आईडी: investor.relations@sbicard.com
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट 401 और 402, चौथा तल, अग्रवाल मिलेनियम टावर, ई-1,2,3, नेताजी सुभाष प्लेस, वज़ीरपुर, नई दिल्ली 110 034, भारत, **फ़ोन:** +91 (11) 6126 8100
कॉर्पोरेट कार्यालय: दूसरा तल, टावर-B, इन्फ़िनिटी टॉवर्स, डीएलएफ सायबर सिटी, ब्लॉक 2 बिल्डिंग 3, डीएलएफ फ़ेज़ 2, गुरुग्राम, हरियाणा 122 002, भारत, **फ़ोन:** +91 (124) 458 9803

25वीं वार्षिक साधारण सभा की जानकारी

कंपनी के सदस्यों की पच्चीसवीं वार्षिक साधारण सभा **(एजीएम) बुधवार, 9 अगस्त, 2023** को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विज़ुअल माध्यमों (ओएवीएम) के ज़रिए **प्रातः 11.30 बजे (भारतीय समयानुसार)** कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के सभी लागू प्रावधानों और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के (लिस्टिंग से जुड़े दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमों, 2015, के साथ एजीएम की सूचना में बताए गए व्यवसाय से जुड़े लेनदेन करने के लिए कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी किए गए क्रमशः 8 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020, 5 मई 2020, 13 जनवरी 2021, 08 दिसंबर 2021, 14 दिसंबर 2021, 5 मई 2022 और 28 दिसंबर 2022 के सामान्य परिपत्र नं. 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 21/2021, 2/2022 और 11/2022 और इस संबंध में अन्य परिपत्रों (जिन्हें सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्र" कहा जाता है) के साथ और क्रमश: 12 मई 2020,15 जनवरी 2021, 13 मई 2022 और 5 जनवरी 2023 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी किए गए परिपत्र नं. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 और परिपत्र नं. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 और इस संबंध में सेबी द्वारा जारी किए गए अन्य परिपत्रों (जिन्हें सामूहिक रूप से "सेबी परिपत्र" कहा जाता है) के अनुपालन में होगी। वीसी/ओएवीएम के ज़रिए एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों की गिनती, अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम की संख्या सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जाएगी।

एमसीए और सेबी परिपत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए एजीएम की सूचना और वित्तीय विवरण, बोर्ड की रिपोर्ट, ऑडिटर की रिपोर्ट और उनके साथ संलग्न किए जाने के लिए आवश्यक अन्य दस्तावेज़ों को शामिल करते हुए वार्षिक रिपोर्ट सिर्फ़ ईमेल द्वारा उन सभी सदस्यों को ही भेजी जाएगी, जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट(स)/डिपॉज़िट्रीज़/कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों के साथ पंजीकृत हैं। ऊपर बताए गए दस्तावेज़ कंपनी की वेबसाइट www.sbicard.com पर और साथ ही स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट्स, क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com, पर भी उपलब्ध होंगे। एजीएम की सूचना नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होगी।

कंपनी अपने सभी सदस्यों को एजीएम की सूचना में बताए गए सभी प्रस्तावों पर उनके वोट डालने के लिए ई-मतदान की सुविधा ("रिमोट ई-मतदान") भी प्रदान कर रही है। कंपनी एजीएम के दौरान ई-मतदान प्रणाली के ज़रिए मतदान की सुविधा भी प्रदान कर रही है ("ई-मतदान")। डीमैट/भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों को रिमोट ई-मतदान/ई-मतदान की और वीसी/ओएवीएम के ज़रिए एजीएम में भाग लेने की विस्तृत प्रक्रिया, एजीएम की सूचना में प्रदान की जाएगी, जिसे समय आने पर भेजा जाएगा।

उन शेयरधारकों द्वारा रिमोट ई-मतदान प्रक्रिया में भागीदारी को सक्षम बनाने के लिए, जिन्हें वैध ईमेल आईडी की अनुपलब्धता के कारण एजीएम की सूचना प्रेषित नहीं की जा सकी है, कंपनी ने अपने रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफ़र एजेंटों के द्वारा संबंधित परिपत्रों के अनुरूप ईमेल आईडी का पंजीकरण करने के लिए उपयुक्त व्यवस्थाएं की हैं।

ईमेल आईडी और अन्य विवरणों के पंजीकरण की प्रक्रिया निम्नलिखित है:

i) **अस्थायी पंजीकरण के लिए:**

संबंधित परिपत्रों के अनुसार जिन शेयरधारकों ने अपने ईमेल आईडी हमारे साथ पंजीकृत नहीं किए हैं और इसके परिणामस्वरूप उन्हें सूचना नहीं भेजी जा सकी है, वे नीचे दिए गए लिंक पर जाकर कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफ़र एजेंट "लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड" द्वारा अपनी ईमेल आईडी का पंजीकरण करवा सकते हैं: https://linkintime.co.in/emailreg/email_register.html और इसके बाद बताई गई पंजीकरण प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं।

ईमेल आईडी सफलतापूर्वक पंजीकृत हो जाने के बाद, शेयरधारक को एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट की सूचना की सॉफ़्ट कॉपी प्राप्त होगी, जिसमें वित्तीय विवरण, बोर्ड की रिपोर्ट, ऑडिटर की रिपोर्ट और उनके साथ अनुलग्न किए जाने के लिए आवश्यक दूसरे दस्तावेज़ तथा एनएसडीएल की ओर से एजीएम के लिए ई-मतदान में भाग लेने में सक्षम होने हेतु उपयोगकर्ता आईडी व पासवर्ड प्राप्त होंगे। ईमेल आईडी के पंजीकरण से संबंधित प्रश्नों के लिए शेयरधारक rnt.helpdesk@linkintime.co.in पर लिख सकते हैं और ई-मतदान से संबंधित प्रश्नों के लिए आप एनएसडीएल को evoting@nsdl.co.in पर लिख सकते हैं।

ii) **स्थायी रजिस्ट्रेशन के लिए:**

यह स्पष्ट किया जाता है कि स्थायी पंजीकरण के लिए, सदस्य कृपया अपनी ईमेल आईडी का पंजीकरण:

i. डीमैट होल्डिंग्स के संबंध में, डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट द्वारा निर्देशित प्रक्रिया का पालन करके सम्बंधित डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ पंजीकृत करें।

ii. भौतिक होल्डिंग के संबंध में, कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, यानी "लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड," को अपना आवेदन इस हेतु बनाये गए परिपत्र के ज़रिये भेजें।

ii) **बैंक विवरण का पंजीकरण:**

कृपया अपने डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से संपर्क करें और आपके डीपी द्वारा सुझायी गयी प्रक्रिया के अनुसार अपने डीमैट अकाउंट में अपना ईमेल आईडी और बैंक खाते के विवरण दर्ज करें। भौतिक होल्डिंग के संबंध में, कृपया कंपनी के आरटीए, यानी की लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, से संपर्क करें।

एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड के लिए

तारीख: 13 जुलाई, 2023
स्थान: गुरुग्राम

पायल मित्तल छाबड़ा
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी